# प्राक्कथन

निष्पादन लेखापरीक्षा को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की लेखापरीक्षा एवं लेखा विनियमावली, 2007 तथा निष्पादन लेखापरीक्षा दिशानिर्देश, 2014 के अनुसार किया गया है।

नेशनल एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड (नालको), एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्‌यम को 7 जनवरी 1981 में निगमित किया गया था और इसका पंजीकृत कार्यालय भुवनेश्वर, ओड़िशा में है। कम्पनी जो खान मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रक के अधीन कार्य करती है, को अप्रैल 2008 में नवरत्न लोक उद्‌यम का दर्जा मिला था।

खान तथा रिफाइनरी दामनजोड़ी में स्थित है जबकि स्मेल्टर तथा कैप्टिव विद्‌युत संयंत्र अनुगुल, ओड़िशा में स्थित हैं। इस निष्पादन लेखापरीक्षा को यह देखने के लिए किया गया था कि क्या कम्पनी खान, रिफाइनरी, स्मेल्टर तथा कैप्टिव विद्‌युत संयंत्र की दक्षता का इष्टतम उपयोग कर रही थी तथा उप-इष्टतम निष्पादन हेतु कारण प्रकट करना था।

लेखापरीक्षा, लेखापरीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर नालको के प्रबंधन तथा खान मंत्रालय द्‌वारा दिए गए सहयोग का आभार व्यक्त करती है।